तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही, मय इनीशियल्स जज अपील संख्या 42 / 2021 अनवान नाथूराम बनाम केसाराम वगैरा	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए
	दिनांक 30–4–2021 पत्रावली आज पेश हुई । उक्त अपील न्यायालय उपखण्ड अधिकारी भीनमाल जिला जालोर द्वारा राजस्व प्रकरण संख्या 105 / 1997 मे पारित निर्णय दिनांक 30–7–98 के विरूद्ध इस न्यायालय मे पेश हुई थी जिसमे पारित किये गये एकपक्षीय निर्णय दिनांक 8–7–2016 को अपास्त करवाने एवं अपील की पुनः सुनवाई करवाने बाबत इस न्यायालय मे प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 21 सपठित धारा 151 सीपीसी पर पक्षकारान के अधिवक्ताओं की बहस सुनी जाकर दिनांक 11–2–2021 को पारित निर्णय के द्वारा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 21 सपठित धारा 151 सीपीसी का स्वीकार कर इस न्यायालय द्वारा राजस्व अपील संख्या 21 / 2016 मे पारित निर्णय दिनांक 8–7–2016 को निरस्त कर मूल अपील को पुनः नये नंबर पर दर्ज रजिस्टर करने का आदेश पारित किया जाने पर उक्त अपील नये नंबर पर दर्ज की गई तथा पत्रावली सुनवाई मे विचाराधीन है । चूँकि उक्त अपील जालोर जिले की है तथा जालोर जिले की अपीलो के सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर को होने से उक्त मूल अपील पत्रावली मय सलंग्नक न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर को अग्रिम सुनवाई हेतु स्थानांतरित की जाती है । पत्रावली इस न्यायालय के दायरा रजिस्टर से कम हो । उभयपक्ष के अधिवक्ता दिनांक 21–6–2021 को सुनवाई हेतु न्यायालय संभागीय आयुक्त जोधपुर मे उपस्थित होकर पैरवी करें । अति० सम्भागीय आयुक्त जोधपुर	